# मौसमी बीमारियों की रोकथाम के लिए अलर्ट मोड पर रहें चिकित्सक : सिंघवी

■ 'मलेरिया-डेंगू के प्रति जागरूकता और बचाव में सरकारी प्रयासों के साथ आमजन की भूमिका जरूरी'



संभागीय आयुक्त वंदना सिंघवी ने मौसमी बीमारियों को लेकर समीक्षा बैठक ली।

**बीकानेर,** (कासं)। संभागीय आयुक्त वंदना सिंघवी ने कहा कि मौसमी बीमारियों की प्रभावी रोकथाम के लिए स्वास्थ्य विभाग क्विक रिस्पांस टीमों को अलर्ट मोड पर रखते हुए गंभीरता से कार्य करें। ब्लड व प्लेटलेट डोनर पूर्व में चिन्हित रखें। जांच, दवाईयां, कीटनाशक सहित अन्य संसाधनों का पर्याप्त स्टॉक रखने सहित व्यवस्थाएं मिशन मोड पर रहें। संभागीय आयुक्त ने सोमवार को मौसमी बीमारियों की रोकथाम से संबंधित समीक्षा बैठक में ये निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि जिला अस्पताल में रिजर्व 21 बैड के अतिरिक्त एमसीएच वार्ड (नई जानना बिल्डिंग) को भी डेंगू मलेरिया से ग्रस्त मरीजों के लिए रिजर्व रखा जाए। वरिष्ठ चिकित्सकों की राउंड द क्लॉक ड्यूटी लगाई जाए। चिकित्सा विभाग और नगर निगम आपसी समन्वय रखें। साफ-सफाई की बेहतर व्यवस्था हो। मौसमी बीमारियों से प्रभावित क्षेत्रों में विशेष नजर रखें। पॉजीटिव रोगी पाये जाने की स्थिति में तत्काल फोगिंग एवं एंटीलार्वल गतिविधियां हों। अगले कुछ दिनों तक हर दिन समीक्षा कर अगले दिन की योजना तैयार करें। संभागीय आयुक्त ने चिकित्सा विभाग को एएनएम के माध्यम से स्कूलों में मौसमी बीमारियों से बचाव हेतु जागरूकता गतिविधियां आयोजित करवाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शहर में होर्डिंग एवं स्कूलों में बैनर लगवाने के साथ विभिन्न प्रचार-प्रसार माध्यमों से आमजन को मौसमी बीमारियों से बचाव व नियंत्रण के उपायों की जानकारी दी जाए।

संभागीय आयुक्त ने कहा कि जिले में मलेरिया-डेंगू के प्रति जागरूकता और बचाव में सरकारी प्रयासों के साथ आमजन की भूमिका महत्वपूर्ण है। उन्होंने तेज बुखार, सिर व पेट में दर्द एवं शरीर में कमजोरी जैसे अन्य लक्षण महसूस होने पर नजदीकी चिकित्सालय में चिकित्सक से परामर्श लेने की अपील आमजन से की। उन्होंने कहा कि डेंगू और मलेरिया के लक्षण होने पर घरेलू उपचार ना करें। मच्छर से होने वाले रोगों से बचाव के लिए पूरे शरीर को ढकने वाले कपडे॰ पहनने, घरों के आसपास जमा पानी की निकासी, कूलर-गमले सहित अन्य जगहों का जलभराव ना हो, इसका विशेष ध्यान रखा जाए। उन्होंने संवेदनशील क्षेत्रों में एन्टीलार्वल, फोगिंग, सोर्स रिडक्शन आदि गतिविधियों की गुणवत्ता भी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के संयुक्त निदेशक डॉ. देवेन्द्र चौधरी, पीबीएम अधीक्षक डॉ पी. के. सैनी, सरदार पटेल मेडिकल कॉलेज के अतिरिक्त प्राचार्य डॉ सुरेन्द्र कुमार वर्मा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

**गंगानगर।** डॉ. अंजू ठकराल ने बताया कि सर्दी, जुकाम, बुखार व अन्य बीमारियों की तरह ही मानसिक रोग भी पूरी तरह से ठीक होने वाली बीमारी है। इसे उचित उपचार, काउंसलिंग, योगा मेडिटेशन, सामाजिक-धार्मिक प्रवृति से रोगी पूर्णरूपेण स्वस्थ होकर समाज की मुख्य धारा में पुन: शामिल हो सकता है। नर्सिंग प्रधानाचार्य ने मोबाइल के सीमित प्रयोग, स्वस्थ जीवन शैली व आवश्यकता अनुसार उपचार हेतु छात्रों को प्रेरित किया। कार्यक्रम के अन्त में विनोद पंचारिया ने सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया। अन्य कार्यक्रम के तहत नारी निकेतन एवं सेवा आश्रम में शिरकत करते हुए डॉ. ज्योति चौधरी ने लावारिस बच्चों, महिलाओं तथा सेवा आश्रम में रहने वाले विमंदित बच्चों के उचित रख-रखाव व उनकी परिचर्चा के संबंध में मार्गदर्शन दिया।

## मानसिक रोग की जानकारी दी

**बीकानेर,** (कासं)। मानसिक रोग एवं नशा मुक्ति विभाग, पी.बी.एम. चिकित्सालय बीकानेर द्वारा आयोजित सात दिवसीय विश्व मानसिक स्वास्थ्य सप्ताह के चौथे दिन 07 अक्टूबर को सरदार पटेल मेडिकल कॉलेज व राजकीय नर्सिंग कॉलेज बीकानेर में मेडिकल स्नातक विद्यार्थियों, नर्सिंग व पैरामेडिकल छात्रों के साथ संवाद सत्र का आयोजन किया गया।

सत्र में विभाग के आचार्य एवं विभागाध्यक्ष डॉ. हरफूल सिंह, सहायक आचार्य डॉ. ज्योति चौधरी, क्लीनिकल साइकोलॉजिस्ट डॉ. अंजू ठकराल, रेजिडेंट डॉ. पवन सारस्वत, नर्सिंग कॉलेज के प्रधानाचार्य घनश्याम नर्सिंग ऑफिसर राजीराम व एनएमएचपी के सी.आर.ए. विनोद पंचारिया मौजूद थे।

छात्रों से संवाद करते हुए डॉ. हरफूल सिंह ने बताया कि वर्तमान समय में मानसिक रोगियों की संख्या में अप्रत्याशित वृद्धि हुई है। युवा पीढी विशेषकर छात्रों में डिप्रेशन, अनिद्रा, अवसाद, नशाखोरी, आपराधिक प्रवृति और आत्महत्या जैसे मामले काफी बढ़ रहे हैं। जिसका मुख्य कारण भौतिकवादी जीवन शैली, अपोष्टिक आहार, शारीरिक श्रम का अभाव, मोबाइल व सोशल मीडिया का अत्यधिक प्रयोग हैं। युवा फेसबुक, इंस्टाग्राम व अन्य सोशल मीडिया प्लेटफार्म की गिरफ्त में इस कदर आ चुका है कि वह परिवार और समाज से धीरे-धीरे पलायन करता जा रहा है। मोबाइल पर रील्स बनाने व देखने में अपना बहुमूल्य और उत्पादक समय बर्बाद कर रहा है।

## सार-समाचार

### कलेक्टर ने किया निरीक्षण



गंगानगर कलेक्टर डॉ. मंजू ने कलेक्ट्रेट परिसर में विभिन्न शाखाओं का निरीक्षण किया।

**श्रीगंगानगर,** (कासं)। जिला कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट डॉ. मंजू ने सोमवार को कलेक्ट्रेट परिसर में संचालित विभिन्न शाखाओं और कार्यालयों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिला कलेक्टर ने कार्मिकों को लम्बित प्रकरणों के निस्तारण करने के निर्देश देते हुए कहा कि निष्ठावान और संवेदनशील रहकर आमजन के कार्य निर्धारित समयावधि में पूर्ण करना सुनिश्चित करें। जिला कलेक्टर ने कलेक्ट्रेट परिसर में रेवन्यू, एलआर, भू-अभिलेख, लेखा शाखा, एसडीएम कार्यालय, न्याय शाखा, राजस्व एवं लेखा शाखा, सामान्य शाखा, विधि प्रकोष्ठ, विकास शाखा, कार्यालय अधीक्षक, स्टोर, रसद कार्यालय, आईसीडीएस, महिला अधिकारिता विभाग, सूचना एवं प्रौद्योगिकी विभाग सहित विभिन्न कार्यालयों व शाखाओं का निरीक्षण किया। इस दौरान जिला कलेक्टर ने परिसर में खड़े वाहनों को हटाने, गमलों-पौधों की सार-संभाल रखने, नियमित साफ-सफाई करने और रिकॉर्ड के समुचित निस्तारण के निर्देश देते हुए कहा कि निष्ठावान और संवेदनशील रहकर आमजन की समस्याओं का निस्तारण करें। सभी अधिकारी और कर्मचारी निर्धारित समय पर कार्यालय पहुंच संबंधित कार्य पूर्ण करना सुनिश्चित करें। ई-फाइलिंग को बढावा देते हुए प्रत्येक कार्य समयबद्ध और पारदर्शिता के साथ किया जाए। उन्होंने कहा कि केन्द्र और राज्य सरकार की मंशा के अनुरूप जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ आमजन तक पहुंचे, इसके लिए सभी विभागीय अधिकारी समन्वय बनाकर काम करें। निरीक्षण के दौरान अतिरिक्त जिला कलेक्टर प्रशासन रीना, एसडीएम रणजीत कुमार, लेखाधिकारी गुरदीप चावला, कार्यालय अधीक्षक निर्मल सैनी, कृष्ण बलाना सहित अन्य साथ थे।

### लायंस क्लब ने लगाया जांच शिविर

**चूरू, ( कासं. )।** लायंस क्लब की ओर से चल रहे सेवा सप्ताह के अंतर्गत रविवार को इन्द्रमणी पार्क में शिवम अस्पताल के सौजन्य से ब्लड प्रेशर व शुगर जाँच शिविर आयोजित किया गया। क्लब अध्यक्ष लॉयन अनुराग शर्मा ने बताया कि पार्क में सुबह मॉर्निंग वाक पर आने वाले लोगों की जांच की गई। शिवम अस्पताल के डॉ. महेश शर्मा के नेतृत्व में डॉ. विनोद सैनी, नर्सिंग स्टॉफ सुभाष, लैब टैक्नीशियन पंकज शर्मा, आबिद खान, सागर मल शर्मा, ट्रस्ट प्रभारी गरिमा शर्मा द्वारा ब्लड, बीपी व शुगर की जाँच की गई। इस अवसर पर प्रांतीय सचिव लॉयन डॉ. कमल वशिष्ठ, शैलेन्द्र माथुर, आरसी राजोतिया, ओम प्रकाश बैरवा, आबिद खान, चंद्रप्रकाश खत्री, मुकुल सिकतिया, मनोज जांगिड़ आदि ने सहयोगी भूमिका निभाई। क्लब अध्यक्ष शर्मा ने शिविर में भाग लेने वाले अस्पताल स्टाफ व क्लब सदस्यों का आभार व्यक्त किया।

### भवन आवंटित करने को लेकर सौंपा ज्ञापन

**पाटन, ( निसं )।** नीमकाथाना पत्रकार समिति (रजि.) द्वारा सोमवार को नगर परिषद आयुक्त, जिला कलक्टर को नीमकाथाना प्रेस क्लब के लिए भूखंड/भवन उपलब्ध करवाने को लेकर ज्ञापन सौंपा गया। सचिव मनीष टांक ने ज्ञापन में बताया कि राज्य सरकार द्वारा प्रदेश भर में निशुल्क प्रेस क्लब के लिए भूखंड/भवन उपलब्ध करवाने के लिए विभाग को निर्देशित कर रखा हैं। नीमकाथाना पत्रकार समिति का पंजीयन हो चुका हैं, इसलिए नीमकाथाना पत्रकार समिति को नीमकाथाना प्रेस क्लब के लिए भूखंड/भवन की आवश्यकता हैं। ज्ञापन में मांग की हैं कि नगर परिषद कार्यालय के पास बने पुस्तकालय भवन जो कि किसी के भी काम नहीं आ रहा हैं। जिसको प्रेस क्लब के लिए आवंटित किया जाएं या अन्य सरकारी भूमि या भवन उपलब्ध करवाया जाएं जिससे जिले के पत्रकार साथियों को कार्यालय उपलब्ध हो सकें। इस दौरान अध्यक्ष नरेंद्र सिंह शेखावत, उपाध्यक्ष दीपक शर्मा, कोषाध्यक्ष मुकेश खरवास, जुगल किशोर, रघुराज सिंह शेखावत सहित पत्रकार साथी मौजूद रहे।

### गौ वंश को पहनाये रेडियम बेल्ट

**सुजानगढ़ ।** शहर के एक युवा ने गौ वंश के गले में रेडियम बेल्ट पहना कर अपना जन्म दिन मनाया। पार्षद एड. सलीम खान गाजी ने बताया कि साहिल खान कायमखानी ने अपने जन्म दिन पर दो सौ गायों एवं गौ वंश को रेडियम बेल्ट पहनाया तथा उन्हे गुड खिलाया। पार्षद ने बताया कि गणेश मंदिर चौराहे से सुजला कॉलेज सहित शहर के अन्य क्षेत्रों में रास्तों पर खडी रहनी वाली गायों और गौवंश को रेडियम बेल्ट पहनाये गये। गाय और गौ वंश सडक हादसों के शिकार नहीं हो, इसी उद्देश्य का ध्यान में रखते हुए साहिल ने अपने जन्म दिन पर गायों को रेडियम बेल्ट पहनाये हैं, जो गाडी की रोशनी में दूर से वाहन चालक को चमकते हुए नजर आ जाये। जिससे वाहन चालक और गाय दोनो का बचाव हो सके। रेडियम बेल्ट से हादसों में कमी आने की संभावना है।

### कक्षा कक्ष का किया लोकार्पण

**झुंझुनूं, ( निसं )।** महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय नयाबास धनूरी में भामाशाह रामेश्वरसिंह ओला द्वारा निर्मित कक्षा कक्ष का सोमवार को लोकार्पण किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डीईओ एलीमेंट्री मनोज कुमार ढाका थे। अति विशिष्ट अतिथि समसा एपीसी कमलेश कुमार तेतरवाल, विशिष्ट अतिथि पीईईओ चंदवा रमेश कुमार पूनियां थे। अध्यक्षता सीबीईओ अलसीसर राजेंद्रप्रसाद खीचड़ थे।

# बैरिकेड्स तोड़कर भाग रहे युवक को दबोचा

■ गांव 5 एमके में छापा मारकर 15 लीटर हथकढ़ चालू भट्टी मय उपकरण सहित जब्त की

**श्रीगंगानगर,** (कासं)। जिले के रायसिंहनगर में मुकलावा थानांतर्गत गांव 6 एमके पर पुलिस नाके पर नहीं रूकना दो युवकों को मंहगा पड़ गया। नाकाबंदी तोड़ बाइक लेकर फरार हुए युवकों को पुलिस ने 32 एमएल चौकी पर रोकने का प्रयास किया तो बाइक दुर्घटनाग्रस्त हो गई और उसे दबोच लिया।

जानकारी के अनुसार मुकलावा पुलिस ने 6 एमके बस स्टेंड स्थित पुलिया पर नाका लगाया गया था। इस दौरान बाइक सवार दो युवकों को पुलिस ने रूकने का इशारा किया लेकिन वे बाइक भगा ले गए। पुलिस कर्मियों ने बाइक संदिग्ध होने की आशंका के चलते 32 एमएल चौकी में सूचना देकर बाइक रूकवाने को कहा।

32 एमएल पुलिस चौकी प्रभारी राजेन्द्र कुमार ने बाइक सवार युवकों को रोकने का प्रयास किया तो बाइक चालक का संतुलन बिगड़ गया और दोनों युवक बाइक सहित गिर गए। जिससे बाइक चालक घायल हो गया। इस दौरान बड़ी संख्या में एकत्रित हुए लोगों ने बताया कि पुलिस की लापरवाही से बाइक दुर्घटनाग्रस्त हो गया। प्रत्यक्षदर्शियों के युवकों के 32 एमएल चौक पर दुर्घटनाग्रस्त होने के बाद उनका गाड़ी से पीछा करते हुए आए पुलिसकर्मी घायल युवक को संभालने की बजाय बाइक सीज कर कार्रवाई में लग गए। जिससे लोगों में पुलिस के प्रति रोष फैल गया। मुकलावा थाने से एएसआई अमीलाल पहुंचे और समझाइश कर मामले को शांत किया। उधर पुलिस का कहना है कि नाकाबंदी के दौरान दो युवक पदमपुर की तरफ से तेज गति से एक बिना नंबरी मोटरसाइकिल पर आ रहे थे, जो बाइक तेज गति से भगा ले गए। 32 एमएल चौकी के सहायक उपनिरीक्षक ने युवकों को रोकन का प्रयास किया तो वे वहां से भी भागने का प्रयास करने लगे, जिससे बाइक फिसल गया और चालक के मामूली चोटें आई। बताया जा रहा है कि थाने में हुई पंचायती के बाद मामले का पटाक्षेप हो गया। यह भी जानकारी में आया है कि सीज किए मोटरसाइकिल को भी बिना कार्रवाई के छोड़ दिया गया।

मुकलावा थानांतर्गत गांव 5 एमके में आबकारी विभाग ने शनिवार शाम को कार्रवाई कर अवैध शराब की बिक्री को लेकर गांव में छापामारी की। आबकारी विभाग ने मौके पर अवैध शराब की चालू भट्टी पकड़ी है। आबकारी विभाग के सोहनलाल ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर गांव 5 एमके में छापा मारकर 15 लीटर हथकढ़ चालू भट्टी मय उपकरण सहित जब्त की गई।

उन्होंने बताया कि आरोपी बुधराम उर्फ कालूराम मौके से फरार हो गया जिसकी तलाश जारी है। मौके पर शराब मय उपकरण सहित बरामद की गई है व 70 लीटर लाहन मौके पर नष्ट किया गया है।

## कराते प्रतियोगिता आयोजित

**बीकानेर,** (कासं)। जिला कराटे डु एसोसिएशन के तत्वावधान में ओकिनावां शोरिन रियु जिला स्तरीय कराते प्रतियोगिता का आयोजन रेलवे प्रेक्षाग्रह में किया गया। आयोजन सचिव सेंसई विवेक अग्रवाल ने बताया की एक दिवसीय इस कराटे प्रतियोगिता में बीकानेर जिले से 160 खिलाड़ियों ने भाग लिया।

कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि डॉ. आशीश कुमार, डीआरएम, विशिष्ट अतिथि सुधीश शर्मा, अध्यक्ष कन्हैया मिश्रा एवं संगीता ने द्वीप प्रज्वलन कर किया गया। जनरल सेक्रेटरी सेंसई रियाजुद्दीन अंसारी ने बताया कि इस प्रतियोगिता के पदक विजेताओं का चयन राज्य स्तरीय कराटे प्रतियोगिता के लिये हुआ है।

विभिन्न आयु वर्ग के अलग-अलग वर्ग में 255 मैडल दिए गये जिसमें बीकानेर मार्शल आर्ट एकेडमी, जय नारायण व्यास कॉलोनी प्रथम स्थान, द्वितीय स्थान पर वी.ए. मार्शल आर्ट एकेडमी, मुरलीधर व्यास कॉलोनी एवं आर.बी.के मार्शल आर्ट एकेडमी, उदयरामसर तृतीय स्थान पर रही।

# रोटरी राजस्थानी साहित्य पुरस्कारों की घोषणा

■ 51000 हजार का कला डूंगर कल्याणी राजस्थानी शिखर पुरस्कार साहित्यकार डॉ. मदन केवलिया को दिया जायेगा

**बीकानेर,** (कासं)। रोटरी राज्य स्तरीय राजस्थानी भाषा-साहित्य पुरस्कारों की घोषणा की। रोटरी क्लब बीकानेर द्वारा राजस्थानी भाषा और साहित्य से सबंधित साहित्यकारों को प्रतिवर्ष राज्य स्तरीय पुरस्कार प्रदान किये जाते हैं।

रोटरी क्लब अध्यक्ष सुनील सारड़ा ने बताया कि प्रथम राजस्थानी पुरस्कार 51000 हजार का कला डूंगर कल्याणी राजस्थानी शिखर पुरस्कार राजस्थानी और हिन्दी के प्रतिष्ठित साहित्यकार डॉ. मदन केवलिया को दिया जायेगा। डॉ. मदन केवलिया हिन्दी, राजस्थानी, पंजाबी, उर्दू, अंग्रेजी और ब्रज भाषा के जानकार विद्वान हैं।

डॉ. केवलिया ने विभिन्न विधाओं में लगभग 22 पुस्तकों को लेखन तथा संपादन किया है। उनको 20-21 संस्थाओं द्वारा सम्मान व पुरस्कार दिया जा चुका है। आकाशवाणी व दूरदर्शन से उनकी रचनाओं का अनेक बार प्रसारण हो चुका है।

रोटरी क्लब प्रान्त 3053 के पी.डी.जी. अरूण प्रकाश गुप्ता ने बताया कि राजस्थानी भाषा का खींवराज मुन्नीलाल सोनी राजस्थानी गद्य पुरस्कार, रामगढ़, नोहर के लेखक पूरण शर्मा की कहानी संग्रह 'बनाम गांधी' को दिया जायेगा। पूरण शर्मा के 4 राजस्थानी में कहानी संग्रह, एक राजस्थानी उपन्यास, एक कविता संग्रह तथा एक राजस्थानी अनुवाद छप चुका है। राजस्थानी अकादमी के अलावा अनेक पुरस्कार मिल चुके हैं।

ब्रज उर्मिला अग्रवाल राजस्थानी पद्य पुरस्कार राजस्थानी के प्रतिष्ठित कवि गीतकार कैलाश मंडेला शाहपुरा के गीत संग्रह 'हेली सुणजे ए' पुस्तक को घोषित किया। इनकी भी 'मण्डाण', पता नहीं' कुरल काव्य, 'ढोला मारु का दोहा', किशोर गीत नामक पुस्तकें छप चुकी हैं।

# महाविद्यालयों की समस्याओं को सुना

**बीकानेर,** (कासं)। प्रदेश में इंजीनियरिंग शिक्षा के सुनहरे परिदृश्य के रोडमैप और तकनीकी शिक्षा में नामांकन में वृद्धि, अभियांत्रिकी महाविद्यालयों के सुदृढ़ीकरण की दिशा में बीकानेर तकनीकी विश्वविद्यालय ने सम्बद्ध अभियांत्रिकी महाविद्यालयों के प्रबंधन, निदेशक व प्राचार्यों के साथ एक दिवसीय संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया।

जनसंपर्क अधिकारी विक्रम राठौड़ ने बताया कि इस अवसर पर कुलपति प्रो. अजय कुमार शर्मा द्वारा 'हमारा परिवार' निर्देशिका का विमोचन भी किया। संवाद कार्यक्रम में बीटीयू द्वारा सभी संबद्ध महाविद्यालयों की समस्याओं को सुना गया और नव-विचारों और सुझावों का आदान प्रदान किया गया। इसके माध्यम से विश्वविद्यालय और महाविद्यालय ने संयुक्त रूप से अपने हितों को सुदृढ़ करते हुए एक मंच पर आकर तकनीकी शिक्षा के उन्नयन का साझा प्रयास किया है। कुलपति प्रो. अजय शर्मा ने कहा कि विश्वविद्यालय 'हमारा परिवार' है। जिसमें 43 कॉलेज के उच्च अनुभवी और योग्य संकाय सदस्य, जो हमारे सभी छात्रों को सर्वोत्तम शिक्षण अनुभव प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है।

## श्रम कल्याण कार्यालय पर मजदूरों का प्रदर्शन

**झुंझुनूं, ( निसं )।** राजस्थान निर्माण मजदूर संगठन (संबद्ध एक्टू) के बैनर तले श्रम कल्याण कार्यालय झुंझुनूं पर प्रदर्शन कर विभाग में व्याप्त भ्रष्टाचार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।

श्रमिक कार्ड समय पर जारी करने, नवीनीकरण कार्ड समय पर जारी करने, भ्रष्टाचार के लिए जानबूझकर अनावश्यक दस्तावेज मांगना बंद करने, छात्रवृत्ति समय पर जारी करने, शुभ शक्ति सहायता चालू करने, आवास योजना में आवासहीनों को स्वीकृति देने आदि मांगों को लेकर जिला श्रम कल्याण अधिकारी के नाम श्रम निरीक्षक को ज्ञापन दिया।

# कूडो स्टेट चैम्पियनशिप में बीकानेर टीम ने दिखाया दमखम

**बीकानेर,** (कासं)। कूडो एसोसिएशन ऑफ राजस्थान की ओर से आयोजित 11वीं कूडो राजस्थान स्टेट चैम्पियनशिप तथा 5वीं राजस्थान स्टेट कूडो फैडरेशन कप 2024 में 68 गोल्ड मैडल सहित 128 मैडल जीतकर बीकानेर टीम ने द्वितीय रनर अप ट्रॉफी हासिल की।

कूडो एसोसिशन ऑफ बीकानेर की सचिव सेंसेई सोनिका सैन ब्लैक बेल्ट (जापान) ने बताया कि सब जूनियर, जूनियर, कैडेट्स, सीनियर वर्गों में 200 कैटेगरी में 72 कूडोकाजो ने 11वी कूडो स्टेट चैम्पियनशिप में टेक्निकल डायरेक्टर रेंशी प्रीतम सैन के नेतृत्व में 32 गोल्ड, 15 सिल्वर तथा 11 ब्रॉन्ज कुल मेडल तथा 5वीं राजस्थान स्टेट कूडो फैडरेशन कप में 36 गोल्ड, 27 सिल्वर तथा 7 ब्रॉन्ज कुल 70 मैडल दोनों टूर्नामेंट्स में 128 मैडल जीतकर बीकानेर टीम ने द्वितीय रनर अप ट्रॉफी हासिल की ऑवर ऑल तीसरे स्थान पर रही। टेक्निकल डायरेक्टर रेंशी प्रीतम सैन ने बताया कि ऑर्बिट रिजॉर्ट उदयपुर में इस चार दिवसीय प्रशिक्षण शिविर और चैम्पियनशिप में 450 से अधिक कूडोकाजो ने विभिन्न भार व वर्गों में भाग लिया। सभी विजेता खिलाड़ी 5 नवम्बर से सूरत गुजरात में होने वाली नेशनल चैम्पियनशिप में हिस्सा लेंगे। चैम्पियनशिप का उद्घाटन हांशी मेहुल वोरा व शिहान राजकुमार मेनारिया के द्वारा किया गया। कूडो इंडिया के हेड कोच हांसी मेहुल वोरा के निर्दशन में शिहान जैस्मिन मकवाना व रेंशी प्रियंक राणा ने कूडो मार्शल आर्ट का विशेष प्रशिक्षण दिया।

चैम्पियनशिप के समापन समारोह के अवसर पर मुख्य अतिथि विधायक जोगेश्वर गर्ग व कूडो इंडिया के हैड कोच हांसी मेहुल वोरा मौजूद थे।

# 2151 कन्याओं का पूजन कर भोजन कराया

■ मुख्य अतिथि के रूप में संत प्रमुख रामझरोखे सरजूदास महाराज ने खाना परोसा



नत्थूसर बास स्थित हनुमान मंदिर में नवरात्र पर मां करणी सेवा समिति द्वारा 2151 कन्याओं को भोजन कराया।

माँ करणी सेवा समिति द्वारा 2151 कन्याओं का पूजन कर भोजन कराया

**बीकानेर,** (कासं)। नवरात्रि के पावन अवसर पर विगत 9 वर्षों की भांति 10 वें वर्ष भी मां करणी सेवा समिति नत्थूसर बास, मालियों का मालियों, बीकानेर के तत्वावधान में कुंवारी कन्याओं का पूजन व भोजन करवाने के साथ कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।

मां करणी सेवा समिति मीडिया प्रभारी पवन कुमार राठी ने बताया कि आज का यह कार्यक्रम नत्थूसर बास स्थित हनुमान मंदिर में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में संत प्रमुख रामझरोखे सरजूदास महाराज, विलासनाथ महाराज, श्याम सुन्दर महाराज तथा अजरानंद महाराज प्रमुख थे। समिति अध्यक्ष राकेश सांखला ने कार्यक्रम संबंधी जानकारी देते हुए बताया कि इस समिति की स्थापना वर्ष 2017 में की गई। तब से वर्तमान तक यह कार्य निर्बाध गति से आयोजित किया जाता रहा है।

इस कार्यक्रम की शुरूआत वर्ष 2017 में 551 कुंवारी कन्याओं के पूजन व भोजन करवाने से प्रारम्भ हुआ जो इस वर्ष 2151 कुंवारी कन्याओं को भोजन करवाने के साथ सम्पन्न हुआ।

कार्यक्रम संयोजक नन्दकिशोर गहलोत ने मीडिया को जानकारी देते हुए बताया कि कार्यक्रम के शुभारंभ में मां दुर्गा के छायाचित्र का विधिवत पूजन कर आरती की गई। जिसमें समिति सदस्यों के अलावा मौहल्लेवासी भी उपस्थित थे। आरती के बाद कुंवारी कन्याओं का पूजन कर भोजन ग्रहण करवाया गया। उसके बाद मेहंदी व प्रसाद के रूप में केले का वितरण करते हुए कन्याओं को नगदी दक्षिणा भी प्रदान की गई। इस अवसर पर आगन्तुक संतों को स्मृति चिन्ह स्वरूप देशनोक स्थित मां करणी माता की प्रतिमा भेंट की गई। सम्पूर्ण कार्यक्रम का सफल संचालन कार्यक्रम संयोजक नन्दकिशोर गहलोत ने किया।

समिति संरक्षक जयदीप सांखला तथा नवल सांखला ने संयुक्त रूप से जानकारी देते हुए बताया कि कुंवारी कन्याओं को मंदिर स्थल तक लाने के लिए सदैव की भांति समिति की ओर से टैक्सी वाहन की सुविधा उपलब्ध करवाई गई। आज की समस्त व्यवस्थाओं को मूर्त रूप देने में विशेष रूप से दिनेश प्रजापत, जयदीप सांखला, नवल सांखला, विकास भाटी, नन्दकिशोर गहलोत, राकेश सांखला, जीतू बीकानेरी आदि मौजूद थे।

# वन्यजीव गणना के साथ वन्यजीव रेस्क्यू ट्रेनिंग दी



महाराजा गंगासिंह विश्वविद्यालय में वन्यजीव सप्ताह के समापन पर प्रतियोगिता के विजेताओं को कुलपति मनोज दीक्षित ने पुरस्कुत किया।

**बीकानेर,** (कासं)। पर्यावरण विज्ञान विभाग, महाराजा गंगासिंह विश्वविद्यालय, बीकानेर, राज ऋषि गवर्नमेंट ऑटोनॉमस कॉलेज अलवर, राजस्थान वेटरनरी एंड एनिमल साइंस विश्वविद्यालय बीकानेर, स्टेट फॉरेस्ट एंड वाइल्ड लाइफ डिपार्मेंट, गवर्नमेंट ऑफ राजस्थान व बॉम्बे नेचुरल हिस्ट्री सोसायटी के संयुक्त तत्वावधान में 1 से 7 अक्टूबर तक चल रहे वन्य जीव सप्ताह का समापन किया गया।

इस सात दिवसीय कार्यक्रम में ऑनलाइन व ऑफलाइन मोड से 20 अतिथि व्याख्यानों व प्रशिक्षणों का आयोजन किया गया। वन्यजीव गणना, शोध के आयाम, वन्यजीव रेस्क्यू ट्रेनिंग भी दी गई। एक सप्ताह तक आयोजित कार्यक्रम में प्रतिदिन रंगोली, पोस्टर, वाद विवाद, लेखन और वन्य जीव छायांकन की प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया गया। इस अंतरराष्ट्रीय आयोजन में अमेरिका, तंजानिया, नाइजीरिया, नेपाल, बांग्लादेश, फिलिपिंस, पाकिस्तान, मलेशिया, जाम्बिया आदि देशों सहित कुल 1200 से ज्यादा प्रतिभागियों ने इसमें रजिस्ट्रेशन करवाया है। समापन समारोह का शुभारंभ मुख्य अतिथि कुलपति प्रो. मनोज दीक्षित ने दीप प्रज्वलित के साथ किया। कुलपति प्रो. मनोज दीक्षित ने पर्यावरण संरक्षण के जमीन से जुड़े पहलुओं के बारे में बताया और कहा कि आज के युवा वर्ग को पर्यावरण संरक्षण में योगदान देना चाहिए। पर्यावरण विभागाध्यक्ष प्रो. अनिल कुमार छंगाणी ने वन्यजीव सप्ताह के अन्तर्गत होने वाली गतिविधियों की जानकारी दी।